भारतीय सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क

स्रोत: पी. आई. बी.

भारतीय सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क **(Software Technology Parks of India- STPI)** ने हाल ही में अपना 33वाँ स्थापना दिवस मनाया।

- भारतीय सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क की स्थापना और पंजीकरण **इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय** के तहत **वर्ष 1991 में सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860** के अंतर्गत एक **स्वायत्त संस्था** के रूप में किया गया था।
- इसका उद्देश्य **सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क (Software Technology Par -STP) और इलेक्ट्रॉनिक्स हार्डवेयर प्रौद्योगिकी पार्क (Electronics Hardware Technology Park- EHTP)** योजनाओं को कार्यान्वित करना तथा **बुनियादी ढाँचा सुविधाओं की स्थापना एवं प्रबंधन** करना था।
- STPI, उद्यमिता केंद्र (Centres of Entrepreneurship- CoE) और **नेक्स्ट जनरेशन इनक्यूबेशन स्कीम (Next Generation Incubation Scheme- NGIS)** जैसी अपनी पहलों के माध्यम से अखिल **भारतीय स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र का पोषण** कर रहा है।
  - STPI ने नेटवर्किंग और संसाधन खोज प्लेटफॉर्म **(SayujNet) तथा STPI वर्कस्पेस पोर्टल (STPI-Workspace)** लॉन्च किया।
- STPI ने **"अनंता"** की घोषणा की जो भारतीयों द्वारा भारतीयों के लिये बनाया गया एक **हाइपरस्केल क्लाउड** होगा।
  - **पारंपरिक कंप्यूट इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज़ (IAAS)** के अलावा, अनंता PAAS (प्लेटफॉर्म एज ए सर्विस), SaaS (सॉफ्टवेयर एज ए सर्विस) और **ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (GPU)** आधारित सेवाएँ भी प्रदान करेगा।
- **'सॉफ्टवेयर उत्पाद राष्ट्र के रूप में अत्याधुनिक टेक फोर्जिंग इंडिया'** पर **डीपटेक ज्ञान रिपोर्ट** (DeepTech Knowledge Report) का अनावरण भी किया, जो भारत को नवाचार और उद्यमिता के नए केंद्र में स्थापित करने के लिये उपकरण के रूप में काम करेगा।

अधिक पढ़ें: भारतीय सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/software-technology-parks-of-india